भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4220

(29 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)

महाराष्ट्र में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)

4220. श्री गोपाल शेट्टी:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत महाराष्ट्र में विशेष रूप से सिंधुदुर्ग जिले में सड़कों के निर्माण के लिए धन आवंटित किया है;
(ख) यदि हां, तो जनवरी 2019 से आज की तिथि विशेष रूप से सिंधुदुर्ग जिले की कोंशी-दाभील ग्राम पंचायत के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है;
(ग) क्या सिंधुदुर्ग जिले के कोंशी-दाभील ग्राम पंचायत में कोंशी-दाभील सड़क का निर्माण पीएमजीएसवाई के तहत स्वीकृत निधि से पूरा कर लिया गया है , यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) इसमें विलंब के क्या कारण हैं और इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति कौन है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) और (ख): ''ग्रामीण सड़कें'' राज्य का विषय हैं प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) कोर नेटवर्क में संपर्कविहीन पात्र बस्तियों को एकल बारहमासी सड़क के माध्यम से ग्रामीण सड़क संपर्क उपलब्ध कराने की एकबारगी विशेष पहल है। कार्यक्रम दिशा-निर्देशों के अनुसार इस कार्यक्रम के लिए इकाई बस्ती है न कि ग्राम पंचायत। इस स्कीम के कार्यान्वयन के लिए निधि , मंत्रालय द्वारा राज्य को समग्र रूप में जारी की जाती है। जिला स्तर पर कार्यकम कार्यान्वयन इकाइयों (पीआईयू) को संबंधित राज्य द्वारा आगे निधियां जारी की जाती हैं जो किए जाने वाले व्यय पर निर्भर करती है। पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कार्यक्रम निधियां, कार्यक्रम दिशा-निर्देशों में विनिर्दिष्ट कतिपय दस्तावेजों और मंत्रालय द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली सूचना के आधार पर जारी की जाती हैं। पीएमजीएसवाई के कार्यान्वन के लिए राज्य को निधियों का आवंटन अन्य बातों के साथ-साथ उसके पास उपलब्ध कार्यों , उसकी निष्पादन क्षमता और उसके पास उपलब्ध विगत वर्षों की खर्च न की गई शेष राशि पर निर्भर करता है। स्वीकृत , निर्मित सड़क और चल रही परियोजनाओं की ब्लॉक-वार तथा जिले-वार सूची कार्यक्रम की वेबसाइट www.omms.nic.in => proposals => state wise list of roads पर देखी जा सकती है।

विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान महाराष्ट्र राज्य को जारी की गई राशि तथा राज्य अंश सहित किया गया व्यय निम्नानुसार है:-

वित्तीय वर्ष	**जारी की गई राशि (रु. करोड़ में)**	**राज्य अंश सहित व्यय * (रु. करोड़ में)**
2018-19	6.75	204.00
2019-20	150	207.12
2020-21	0	212.09
2021-22 (23.03.2022 की स्थिति के अनुसार)	**0**	**311.42**

(*)विगत वर्षों की शेष निधि से किया गया व्यय।

विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सिंधुदुर्ग जिले द्वारा राज्य अंश सहित किया गया व्यय निम्नानुसार है:-

वित्तीय वर्ष	**राज्य अंश सहित व्यय (रु. करोड़ में)**
2018-19	0.70
2019-20	1.79
2020-21	3.40
2021-22 (23.03.2022 की स्थिति के अनुसार)	**3.31**

(ग) और (घ): राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार , सिंधुदुर्ग जिले की कोंशी-दाभील ग्राम पंचायत की कोंशी-दाभील सड़क का निर्माण पीएमजीएसवाई के अंतर्गत नहीं किया गया है।

******